## चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| हरि·भूमि | 18·8·25 | 11 | 1-2 |

# हकृवि में 'समेकित कृषि प्रणाली में उद्यमिता विकास के अवसर' विषय पर होगा प्रशिक्षण

- प्रशिक्षण के इच्छुक प्रतिभागी 25 अगस्त तक कर सकेंगे आवेदन

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार**

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के सायना नेहवाल कृषि प्रौद्योगिकी प्रशिक्षण एवं शिक्षा संस्थान में 'समेकित कृषि प्रणाली में उद्यमिता विकास के अवसर' विषय पर 40 उम्मीदवारों के लिए एक माह की अवधि का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। प्रशिक्षण लेने के इच्छुक उम्मीदवार 25 अगस्त तक आवेदन कर सकते हैं।

प्रशिक्षण संस्थान के सह-निदेशक (प्रशिक्षण) डॉ. अशोक कुमार गोदारा ने बताया कि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर कम्बोज के मार्गदर्शन में आयोजित किए जाने वाले इस प्रशिक्षण में समेकित कृषि प्रणाली के विभिन्न घटकों के बारे में वैज्ञानिकों द्वारा प्रतिभागियों को विस्तार से ज्ञानकारी दी जाएगी। नई शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत भी इस प्रकार के कैप्सूल प्रशिक्षण को आयोजित करने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है ताकि



युवाओं का कौशल विकास करके उन्हें स्वभावलंबी एवं आत्मनिर्भर बनाया जा सके। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण में देश और प्रदेश के किसी भी वर्ग एवं आयु के इच्छुक महिला या पुरुष भाग ले सकते हैं। यह प्रशिक्षण पूरी तरह से निशुल्क होगा और इसमें नियमित रूप से भाग लेने वाले प्रतिभागियों को विश्वविद्यालय द्वारा प्रमाण पत्र प्रदान किए जाएंगे। डॉ. गोदारा ने बताया कि आवेदन फार्म संस्थान के कार्यालय के गेट नंबर 3 लुदास रोड से प्रातः 9 बजे से शाम 4:30 बजे तक प्राप्त करके और भरकर जमा कराएं जा सकते हैं। आवेदन के साथ एक पासपोर्ट साइज फोटो, आधार कार्ड, शैक्षणिक योग्यता एवं आयु संबंधी प्रमाण पत्र आदि दस्तावेजों की प्रति संलग्न करना अनिवार्य है। उन्होंने बताया कि यदि विश्वविद्यालय/महाविद्यालय का छात्र यह प्रशिक्षण लेना चाहता है तो उसे अपने संस्थान के अधिष्ठाता/प्राचार्य से अनुमति पत्र भी प्रस्तुत करना होगा।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
| --- | --- | --- | --- |
| अजीत समाचार | 18.8.25 | 5 | 4-5 |

# हकृवि में 'समेकित कृषि प्रणाली में उद्यमिता विकास के अवसर' विषय पर होगा प्रशिक्षण

हिसार, 17 अगस्त (विरेन्द्र वर्मा): चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के सायना नेहवाल कृषि प्रौद्योगिकी प्रशिक्षण एवं शिक्षा संस्थान में 'समेकित कृषि प्रणाली में उद्यमिता विकास के अवसर' विषय पर 40 उम्मीदवारों के लिए एक माह की अवधि का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। प्रशिक्षण लेने के इच्छुक उम्मीदवार आगामी 25 अगस्त तक आवेदन कर सकते हैं। प्रशिक्षण संस्थान के सह-निदेशक (प्रशिक्षण) डॉ. अशोक कुमार गोदारा ने बताया कि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज के मार्गदर्शन में आयोजित किए जाने वाले इस प्रशिक्षण में समेकित कृषि प्रणाली के विभिन्न घटकों के बारे में वैज्ञानिकों द्वारा प्रतिभागियों को विस्तार से जानकारी दी जाएगी। नई शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत भी इस प्रकार के कैप्सूल प्रशिक्षण को आयोजित करने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है ताकि युवाओं का कौशल विकास करके उन्हें स्वभावलंबी एवं आत्म-निर्भर बनाया जा सके। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण में देश और प्रदेश के किसी भी वर्ग एवं आयु के इच्छुक महिला या पुरुष भाग ले सकते हैं। यह प्रशिक्षण पूरी तरह से निशुल्क होगा और इसमें नियमित रूप से भाग लेने वाले प्रतिभागियों को विश्वविद्यालय द्वारा प्रमाण पत्र प्रदान किए जाएंगे। डॉ. गोदारा ने बताया कि आवेदन फार्म संस्थान के कार्यालय के गेंट नंबर 3 लूदास रोड़ - हिसार से प्रात: 9 बजे से शाम 4:30 बजे तक प्राप्त करके और भरकर जमा कराएं जा सकते हैं। आवेदन के साथ एक पासपोर्ट साइज फोटो, आधार कार्ड, शैक्षणिक योग्यता एवं आयु संबंधी प्रमाण पत्र आदि दस्तावेजों की प्रति संलग्न करना अनिवार्य है।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय,
हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| अमर उजाला | 18.8.25 | 2 | 8 |

# समेकित कृषि प्रणाली में उद्यमिता विकास के अवसर पर होगा प्रशिक्षण

हिसार। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के सायना नेहवाल कृषि प्रौद्योगिकी प्रशिक्षण एवं शिक्षा संस्थान में 'समेकित कृषि प्रणाली में उद्यमिता विकास के अवसर' विषय पर 40 उम्मीदवारों के लिए एक महीने का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। प्रशिक्षण लेने के इच्छुक उम्मीदवार 25 तक आवेदन कर सकते हैं।

प्रशिक्षण संस्थान के सह-निदेशक (प्रशिक्षण) डॉ. अशोक कुमार गोदारा ने बताया कि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर कांबोज के मार्गदर्शन में आयोजित होने वाले इस प्रशिक्षण में वैज्ञानिकों द्वारा प्रतिभागियों को विस्तार से जानकारी दी जाएगी। प्रशिक्षण में देश और प्रदेश के किसी भी वर्ग एवं आयु के इच्छुक महिला या पुरुष भाग ले सकते हैं। डॉ. गोदारा ने बताया कि आवेदन फार्म संस्थान के कार्यालय के गेट नंबर 3 लुदास रोड से सुबह 9:00 बजे से शाम 4:30 बजे तक भरकर जमा करा सकते हैं। संवाद

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय,
हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| पंजाब केसरी | 18.8-25 | 4 | 7-8 |

# सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय में रैगिंग विरोधी शपथ दिलाई

हिसार, 17 अगस्त (ब्यूरो): चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के इंदिरा चक्रवर्ती सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय परिसर में महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. अतुल ढींगड़ा ने सभी शिक्षकों, गैर शिक्षक कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों को रैगिंग से मुक्ति दिलाने के लिए रैगिंग विरोधी शपथ दिलाई।